दिनांक 14.07.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

6.80 लाख की लागत से चंद्रा मौर्या चैक पर बनेगा यात्री प्रतिक्षालय

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर व विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने चंद्रा मौर्या चैक पर प्रस्तावित यात्री प्रतिक्षालय का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर श्री यादव ने कहा कि 6 लाख 80 हजार की लागत से 33 मीटर क्षेत्रफल में यात्री प्रतिक्षालय और बारिश के पानी को सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाएगा। लोगों के लिए बैठने के लिए स्टील की कुर्सियां लगाई जाएंगी। जिससे राहगीरों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर आॅटो बस का इंतजार करना नहीं पड़ेगा। वहीं चैक पर प्रतिक्षालय के निर्माण से ट्रैफिक ड्यूटी करने वाले जवानों को सुविधा मिलेगी ; गर्मी और बारिश में बचने के लिए सुरक्षित जगह मिलेगी। इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य जोहन सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू , जी राजू, भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी साहू , ब्लाॅक अध्यक्ष प्रभाकर जनबंधु, जोन 2 की आयुक्त पूजा पिल्ले , जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।